कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर, उ0प्र0 242001
Office of The Principal, Autonomous State Medical College, Shahjahanpur, U.P. 242001
Website: www.smcshah.in e-mail: principalsmcshah@gmail.com Phone No.05842-240209

पत्रांक– प्रधानाचार्य / नियुक्ति / कोविड–19 / 2021–22 / दिनांक– 03 / 06 / 2021

विज्ञप्ति

"प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–611 / 71–3–2021 –कोविड–06 / 2020 दिनांक– 24 / 04 / 2021 द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर के माईक्रोबायोलॉजी विभाग में कोविड–19 आर0टी0पी0सी0आर0 जाँच हेतु मानव संसाधन (179 दिवस) के लिये अस्थायी रूप से रिक्त पद को भरे जाने हेतु विज्ञप्ति संख्या– प्रधानाचार्य / नियुक्ति कोविड–19 / 2021–22 / 1504, दिनांक–24 / 04 / 2021 के द्वारा विभिन्न पदों पर वॉक–इन–इण्टरव्यू सम्पन्न कराये गये थे।

उक्त विज्ञप्ति में आंशिक संशोधन करते हुये डेटा पर्सनल के पदों पर पूर्व में सम्पन्न हुये वाक–इन–इण्टरव्यू एवं टंकण गति परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त करते हुये पुनः वॉक–इन–इण्टरव्यू कराया जाना है। जो अभ्यर्थी उपर्युक्त अहर्ता रखते हों वे दिनांक– 11 / 06 / 2021 को समय प्रातः 10:00 बजे वांछित प्रारूप पर आवेदन पत्र, समस्त प्रमाण पत्रों एवं सम्बन्धित अभिलेखों की मूल प्रति व छाया–प्रति सहित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिगनेरा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन (पिपरोला, काँठ रोड) में अनुमोदित गठन चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। समस्त अभ्यर्थी कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये मास्क, सेनेटाईजर तथा कोविड–19 की नेगेटिव जाँच रिपोर्ट (अधिकतम 03 दिवस पूर्व की) अपने साथ लाना अनिवार्य होगा। डाटा पर्सनल के पद हेतु अभ्यार्थियों को अपना लैपटॉप व पेन ड्राईव साथ में लाना अनिवार्य है। लैपटॉप व पेन ड्राईव के बिना किसी भी अभ्यर्थी का साक्षात्कार / टंकण गती परीक्षा नहीं लिया जायेगा।

पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– प्रधानाचार्य / नियुक्ति कोविड–19 / 2021–22 / 1504, दिनांक–24 / 04 / 2021 के सापेक्ष अन्य पदों पर गठित चयन समिति द्वारा लिये गये साक्षात्कार यथावत् एवं मान्य होगें।

डेटा पर्सनल के अस्थाई पद हेतु पदों की संख्या, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य विवरण निम्नवत हैं–

क्र.सं.	पद	पदों की संख्या	वेतन प्रतिमाह (रूपये में)	शैक्षणिक अहर्ता
01	डेटा पर्सनल	04	17037–00	किसी भी विषय से स्नातक की डिग्री के साथ 01 वर्ष कम्प्यूटर एप्लीकेशन / सी0सी0सी0 में डिप्लोमा। टंकण गती : अंग्रेजी–40 शब्द / मिनट, हिन्दी– 25 शब्द / मिनट

आयु सीमा– 18 से 40 वर्ष
अन्य शर्तें–

1. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
2. नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। इनका स्थायी नियुक्ति हेतु कोई आधार नहीं होगा।
3. नियुक्तियों से सम्बन्धित कोई भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा जनपदीय न्यायालय में ही किया जायेगा।
4. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र जिस पर अभ्यर्थी का हाल का फोटो चस्पा हो, के साथ समस्त प्रमाण पत्रों की स्वःप्रमाणित प्रतियाँ साक्षात्कार के समय देनी होगी।
5. अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।
6. उक्त पद पर नियुक्ति से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्रारूप को डाउनलोड करने हेतु संस्थान की वेबसाइट **www.smcshah.in** पर लॉग–इन करें।
7. नियुक्ति से सम्बन्धित किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम होगा।
8. उक्त पद की संख्या एवं सेवा अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

AU- Bareilly, Lucknow, Kanpur

प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
शाहजहाँपुर।

पत्रांक– प्रधानाचार्य / नियुक्ति / कोविड–19 / 2021–22 / 2131-2 तद्दिनांक–
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. महानिदेशक, चिकित्सा, शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी, शाहजहाँपुर।
3. चयन प्रकोष्ठ, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर।
4. प्रभारी– वेबसाइट को इस अशय से कि उक्त विज्ञप्ति को संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. प्रशासनिक अधिकारी, लेखा विभाग को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित कराने हेतु।

प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
शाहजहाँपुर।